प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 26.05.2026 समय : 01:00 पी.एम.

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज अंतर्राष्ट्रीय बोर्डर स्थित सांचू सीमा चौकी पंहुचे। उन्होंने सुरक्षा बलों के साथ संवाद कर उनका मनोबल बढाया। श्री शाह ने वायब्रेंट विलेज प्रोग्राम 2 को भी सीमावर्ती क्षेत्रों को समर्पित किया। इसके जरिये भारत पाकिस्तान सीमा से सटे राजस्थान के गांवों में शिक्षा, सड़क, बिजली और रोजगार सहित बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जायेगा। गौरतलब है कि इस कार्यक्रम के तहत बाडमेर, बीकानेर और जैसलमेर जिले के गांवों को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल भी उनके साथ रहे। इसके अलावा केन्द्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, बीएसएफ डीजी प्रवीण कुमार, आईबी चीफ तपन डेका और मुख्य सचिव वी श्रीनिवास सहित सुरक्षा एजेन्सियों के वरिष्ठ अधिकारी भी इस दौरान मौजूद रहे। गृह मंत्री बीकानेर मे बीएसएफ मुख्यालय पर सीमा सुरक्षा पर मंथन करेंगे। इस समन्वय बेठक में गृह मंत्रालय और राज्य सरकार के उच्चाधिकारी तथा बीएसएफ अधिकारी शामिल होंगे।

क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक आज नई दिल्ली में सम्पन्न हुई। विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इसकी अध्यक्षता की। बैठक में ऑस्ट्रेलिया, जापान और अमेरिका के विदेश मंत्रियों ने भाग लिया। डॉ. जयशंकर ने जोर दिया कि हिंद–प्रशांत क्षेत्र वैश्विक विकास और स्थिरता का प्रेरक बना रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि समुद्र से संबंधित मामलों में सहयोग करने वाले लोकतांत्रिक देशों और बाजार अर्थव्यवस्था के रूप में क्वाड देशों की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हिंद–प्रशांत क्षेत्र से संबंधित मुद्दे के समाधान के लिए कूटनीतिक विश्वास बढ़ाने, समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने और आर्थिक अवसरों तथा विकल्पों को प्रोत्साहित करने के साथ ही आपसी सहयोग को बढावा देने की जरूरत है। विदेश मंत्रियों की यह बैठक वैश्विक अनिश्चितता और पश्चिम एशिया संकट के समय में हुई है। भारत ने क्वाड समूह के मौजूदा अध्यक्ष के रूप में यह बैठक आयोजित की। आज दोपहर बाद जापान और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री सेवा तीर्थ में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे।

आयुष मंत्री प्रतापराव जाधव ने कहा है कि सरकार योग और प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से देश में बीमारियों की रोकथाम से जुड़ी सेवाओं को मजबूत कर रही है। नई दिल्ली में आयुष मंत्रालय की संसदीय सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए श्री जाधव ने कहा कि योग और प्राकृतिक चिकित्सा भारत की प्राचीन देन हैं और अब यह वैश्विक स्वास्थ्य अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहे हैं। श्री जाधव ने बताया कि देशभर में प्राकृतिक चिकित्सा और योग विज्ञान के 70 से अधिक कॉलेज तथा पांच हजार से ज्यादा योग प्रशिक्षण संस्थान चलाये जा रहे हैं। इस बीच 21 जून को मनाये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के काउन्टडाउन कार्यक्रम के तहत प्रदेश में अनेक स्थानों पर योगाभ्यास कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

दाउदी बोहरा समाज की ओर से आज ईद उल अजहा का पर्व मनाया जा रहा है। इस मौके पर अजमेर में शिवाजी पार्क स्थित बोहरा मस्जिद में बकरीद की नमाज अदा की गई। इसके बाद सबने देश में अमनचेन और खुशहाली की दुआ मांगी और एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। गौरतलब है कि मुख्य रूप से बकरीद का पर्व 28 मई को मनाया जायेगा।

राज्य में झुलसाने वाली गर्मी पड रही है। दिन में सूरज की तेज तपिश लोगों को बेहाल कर रही है। वहीं रात में भी गर्म हवाओं का असर देखा जा रहा है। कोटा में अधिकतम तापमान कल 45 डिग्री सेल्सियस के पार मापा गया। वहीं चित्तौडगढ, चूरू, करौली, दौसा और झुंझुनूं में रातभर गर्म हवाओं का प्रकोप रहा। हनुमानगढ और अलवर में रात का तापमान 33 से 34 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। राजधानी जयपुर में दिन का पारा 43 दशमलव 6 डिग्री तक पंहुच गया। दोपहर में सड़कों पर पानी

के छिडकाव से लोगों को राहत देने की कोशिश की गई। लू और उमस के कारण पर्यटन स्थल भी सूने नजर आ रहे है। मौसम विभाग ने कल शाम से मौसम में हल्का बदलाव होने का पूर्वानुमान बताया है। उत्तरी पूर्वी जिलों में 28 मई से आंधी और हल्की बारिश हो सकती है।

आईपीएल क्रिकेट में आज क्वालीफायर–वन मुकाबले में मौजूदा चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का सामना गुजरात टाइटंस से होगा। ये मैच धर्मशाला में शाम साढ़े सात बजे शुरू होगा। इस मुकाबले की विजेता टीम सीधे आईपीएल–2026 के फाइनल में पहुंचेगी, वहीं हारने वाली टीम को क्वालीफायर–टू में एक और मौका मिलेगा। वहीं कल, मोहाली में एलिमिनेटर मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना राजस्थान रॉयल्स से होगा। हारने वाली टीम टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी और विजेता टीम क्वालीफायर–टू में पहुंचेगी। पंजाब किंग्स पर जीत के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बनी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 31 मई को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे। ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 134वीं कड़ी होगी। इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेज सकते हैं। नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं। ये सुझाव 29 मई तक स्वीकार किए जाएंगे।